आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.06.2025 / 11:00बजे

आकाशवाणी शिमला

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री शताब्दी समारोह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भारत के दो महान आध्यात्मिक और नैतिक गुरु, श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक वार्तालाप के शताब्दी समारोह का शुभारंभ करेंगे। यह समारोह आध्यात्मिक गुरुओं और अन्य सदस्यों को एक साथ लाएगा, ताकि लोग उनके दूरदर्शी संवाद सुन सकें और उन्हें याद कर सकें।

त्रिलोक कपूर

भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने बताया कि कल 25 जून आपातकाल के 50 वर्ष पूरा होने पर पार्टी कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है।

डिस्पैच *भाजपा 25 जून आपातकाल के 50 वर्ष पूरा होने पर पार्टी कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इसके तहत 26 जून को शिमला में केंद्रीय अल्पसंख्यक एवं संसदीय मामले मंत्री किरण रिजिजू उपस्थित रहेंगे। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार धर्मशाला में 25 जून को केंद्रीय सहकारिता सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर विभिन्न कार्यकर्ताओं को दायित्व दिए गए हैं। इस दौरान कार्यक्रम में पौधारोपण, प्रैस वार्ता, काल्पनिक संसद का उद्घाटन और सेमिनार एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान शामिल है। आकाशवाणी शिमला से मै योगराश शर्मा*

पैराग्लाइडिंग

चम्बा जिला की जनजातीय पांगी घाटी के सुराल में पैराग्लाइडिंग की उड़ान का आगाज शुरू हुआ। अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतीय अध्ययन संस्थान मनाली के उपनिर्देशक रोहित और आवासीय आयुक्त पांगी रमन घरसंधी ने पैराग्लाइडिंग साइट का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि पिछले साल पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन खाजियार और पांगी पर्यटन दल ने कई स्थानों पर पैराग्लाइडिंग की संभावनाएं तलाशी थीं, जिसमें सुराल में सफल ट्रायल हुआ था। इस अवसर पर आवासीय आयुक्त पांगी रमन घरसंगी ने कहा कि सुराल घाटी में पैरागालिडिंग का सफल ट्रायल किया गया और आने वाले समय में पांगी को पर्यटन के लिहाज से विकसित करने में कारगर साबित होगा।

*यहां पैराग्लाइडिंग के लिए ट्रायल किया अभी हमारे पायलटस ने उन्होंने अपने इनपुट दिए हैं इसके हिसाब से यह बहुत ही अच्छी लोकेशन है यहां अच्छी फलाइट हो सकती है क्योंकि ये अभी एक स्टेप है पांगी घाटी में पर्यटन को और बढ़ाने के लिए मैं उम्मीद करता हूं कि आने वाले समय में और एडवेंचर एक्टीविटी का पदार्पण होगा। और इसीलिए आज ट्रायल हुआ है अभी शीघ्र ही ये रिपोर्ट बनेगी जो साइट की फिजिबलिटी रिपोर्ट बनती है मैं उम्मीद करता हूं कि उसको जल्दी नोटिफाई कर दिया जाएगा और यहां जल्द पैराग्लाइडिंग शुरू कर दी जाएगी।*

दिशा निर्देश

किन्नौर उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने रिकांगपिओ में भारतीय सीमा पर्यटक स्थल के मद्देनजर भारतीय नागरिकों और पर्यटकों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हर एक भारतीय नागरिक व पर्यटक को इन मानक प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करना होगा ताकि सुगमता से सीमा क्षेत्रों का अवलोकन पर्यटकों के लिए बना रह सके। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती पर्यटक स्थल दोपहर 2 बजे तक खुला रहेगा और सभी पर्यटकों को पहचान–पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने इन मानक नियमों का पालन सभी से करने का आग्रह किया। उन्होंने स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, आर्मी व आईटीबीपी शामिल से आग्रह किया कि सभी अपने कार्य का पालन जिम्मेदारी से करें ताकि सीमावर्ती पर्यटन स्थलों का भ्रमण सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर भारतीय सेना व आईटीबीपी के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। हालांकि मैदानी जिलों में उमस भरी गर्मी का दौर लगातार जारी है।

डिस्पैच *प्रदेश में मौसम विभाग ने कुछ दिनों के लिए भारी से भारी बारिश होने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग शिमला के अनुसार प्रदेश में 25 जून से मानसून रफ्तार पकड़नी शुरू कर देगा। 25 से 27 जून के बीच बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। इन तीन दिनों के दौरान ऊना, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, सिरमौर व बिलासपुर में बहुत ज्यादा बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट है। शेष जिलों के लिए केंद्र ने यलो अलर्ट जारी किया है। राज्य में 27 व 28 जून को भी अनेक स्थानों पर बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया जा रहा है। बारिश होने के चलते नदी–नालों में जलस्तर काफी बढ़ गया है। ऐसे में प्रशासन द्वारा स्थानीय लोगों और पर्यटकों को भूस्खलन संभावित क्षेत्रों व नदी नालों के आसपास न जाने की सलाह दी गई है।*

चैम्पियनशिप

राष्ट्रीय आईस स्केटिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 25 से 28 जून तक देहरादून में किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश से इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 60 खिलाड़ियों के दल को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल शिमला स्थित अपने सरकारी आवास ओकओवर से रवाना किया। उन्होंने प्रतिभागियों को चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभाकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश

सरकार राज्य में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा दे रही है और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की गई है।